राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

RNI. No. UPHIN/2010/36806

शख्सियत/प्रमुखता

केशरी दर्पण

www.kesharidarpan.com राजधानी दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, जयपुर, चंडीगढ़, पटना, शिमला, देहरादून से प्रसारित

www.kesharidarpan.com

सम्पादकः सुभाष चन्द

मो. 9837749557

सच्चाई सामने होगी

वर्षः16, अंकः 43 E-mail: subhashchand4@gmail.com बागपत, सोमवार, 16 से 22 नवंबर 2026 (पृष्ठः4) मूल्य 3 रुपया.

भारत को केवल उन्नत तकनीकों का उपयोग तक सीमित नहीं रहना चाहिएः राजनाथ सिंह

सुशील/एजेंसी, नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा और तकनीकी क्षेत्र को लेकर कहा कि भारत को केवल उन्नत तकनीकों का उपयोग करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में डेवलपर, इनोवेटर और वैश्विक लीडर बनना देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। रक्षा तैयारियों और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के लिए देश के नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विशेष बल दिया।

हैदराबाद में इंडियन सोसाइटी फॉर नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग द्वारा आयोजित 36वें वार्षिक नॉन-डिस्ट्रक्टिव इवैल्यूएशन एंड एनेबलिंग टेक्नोलॉजी सम्मेलन और एयरोस्पेस में एनडीटी पर 15वें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में दो हजार से अधिक पेशेवर, शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए।

राजनाथ सिंह ने रणनीतिक अनुप्रयोगों में परीक्षण परिणामों की सटीकता और विश्वसनीयता पर जोर देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। हमें उन्नत निरीक्षण तकनीकों, विशेष सेंसर और मूल्यांकन उपकरणों में अपनी स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करना होगा। इससे रक्षा आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित होगी और विदेशी तकनीकी निर्भरता कम होगी। इस दिशा में सार्वजनिक उपक्रमों, निजी निर्माताओं, स्टार्टअप्स और एमएसएमई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिस प्रकार एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड शरीर को नुकसान पहुंचाए बिना आंतरिक स्थिति का पता लगाते हैं, उसी प्रकार एनडीटी तकनीकें कलपुर्जों को नुकसान पहुंचाए बिना उनमें छिपे दोषों का पता लगाती हैं। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और डिजिटल ट्विन्स जैसी आधुनिक तकनीकों को निरीक्षण प्रक्रिया में शामिल करने का आह्वान किया। आत्मनिर्भरता सिर्फ एक आर्थिक उद्देश्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रणनीतिक अनिवार्यता है जिससे देश वैश्विक मंच पर रक्षा और तकनीकी नेतृत्व हासिल कर सके।

प्रधानमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया

अभी कश्यप/एजेंसी, मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी समुदायों ने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है। नक्सली हिंसा से सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासी समुदायों को हुआ है। पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने इन समुदायों को उनके हाल पर छोड़ दिया था।

पीएम मोदी ने बताया कि उनकी सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की है और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, जो आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 2021 से हर साल 15 नवंबर को मनाया जाता है - अब एक राष्ट्रीय उत्सव बन गया है।

एक समय था जब कई त्योहार और अवसर विदेशी दृष्टिकोण से तय किए जाते थे। लेकिन आज, भारत अपनी विरासत, इतिहास और नायकों को अपने गौरव के साथ याद कर रहा है। करीब 3,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 246 विकास परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन किया और उनकी आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है।

भाजपा ने गरीबों को हमेशा धोखा दिया

गरीबों के आरक्षण में दबंगों को शामिल कर, गरीबों का हक़ पिछले 26 वर्षों से मार दिया।

आओ, बागपत लोकसभा को भाजपा मुक्त करें



निर्दलीय

बागपत लोकसभा की जनता-जनार्दन आशीर्वाद दे, तो

एक बार फिर 2029 में निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा

निवेदक

सुभाष चंद कश्यप

- पूर्व सांसद प्रत्याशी, बागपत लोकसभा (2014, निर्दलीय)
- पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी, वार्ड नंबर 11, जनपद बागपत (2015)
- राष्ट्रीय महासचिव, श्रीराम बाजपेई स्काउट गाइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया

79069 84078

कस्बा खेकड़ा, जनपद बागपत
उत्तर प्रदेश – 250101

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

बागपत कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप व बड़ौत शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार के कार्यकाल के नवीनीकरण करने पर

बधाई व शीर्ष नेतृत्व का बहुत बहुत धन्यवाद































रूबी कश्यप

जिला उपाध्यक्ष, बागपत कांग्रेस

पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी, नगर पालिका परिषद, खेकड़ा (बागपत)

पूर्व सांसद प्रत्याशी, बागपत लोकसभा 2019 व 2024

मो. 7906984078

केशरी दर्पण

साप्ताहिक समाचार पत्र

दिल्ली · उत्तर प्रदेश · हरियाणा | RNI नं.: UPHIN/2010/36806

विज्ञापन दर कार्ड / Advertisement Rate Card (Weekly)

4,000	4 पृष्ठ	साप्ताहिक	3 राज्य
प्रतियाँ प्रति अंक	टैबलॉयड साइज़	हर सोमवार को प्रकाशित	दिल्ली · उत्तर प्रदेश · हरियाणा

वितरण क्षेत्र: दिल्ली, उत्तर प्रदेश (मेरठ, बागपत एवं आसपास) तथा हरियाणा | सभी दरें प्रति अंक (प्रति प्रकाशन), GST अतिरिक्त

1. डिस्प्ले विज्ञापन दरें Display Ad Rates (प्रति अंक)

साइज़	पृष्ठ 1 (मुख्य)	पृष्ठ 4 (अंतिम)	पृष्ठ 2 / पृष्ठ 3 (अंदर)
पूरा पृष्ठ	₹ 25,000	₹ 20,000	₹ 14,000
आधा पृष्ठ	₹ 14,000	₹ 11,000	₹ 8,000
चौथाई पृष्ठ	₹ 7,500	₹ 6,000	₹ 4,500
1/8 पृष्ठ	₹ 4,000	₹ 3,200	₹ 2,500
कॉलम-सेमी दर	₹ 150	₹ 120	₹ 80

2. विशेष स्थान Special Positions (केवल पृष्ठ 1)

स्थान	दर
टॉप बैनर स्ट्रिप	₹ 8,000
बॉटम स्ट्रिप	₹ 5,500
ईयर पैनल (मास्टहेड के दोनों ओर), प्रत्येक	₹ 2,000
जैकेट / पहले पृष्ठ पर पूरा कवर विज्ञापन	₹ 35,000

3. क्लासिफाइड एवं छोटे विज्ञापन Classified & Small Ads

प्रकार	दर
टेक्स्ट क्लासिफाइड (रिश्ते, किराया, नौकरी)	₹ 15 प्रति शब्द (न्यूनतम 20 शब्द)
बॉक्स क्लासिफाइड (2×3 सेमी)	₹ 300
श्रद्धांजलि / शुभकामना / बधाई	₹ 500 – 1,500 (साइज़ अनुसार)
सार्वजनिक सूचना / नाम परिवर्तन / दस्तावेज़ गुम	₹ 800 – 2,000
टेंडर / कानूनी नोटिस	₹ 90 प्रति कॉलम-सेमी
एडवर्टोरियल ("प्रायोजित" अंकित होगा)	₹ 5,000 – 8,000

4. अनुबंध छूट Contract Discount (अग्रिम बुकिंग पर)

पैकेज	4 अंक (मासिक)	13 अंक (3 माह)	26 अंक (6 माह)	52 अंक (वार्षिक)
छूट	10%	15%	20%	25%

5. अतिरिक्त शुल्क Surcharges

विवरण	अतिरिक्त शुल्क
त्योहार विशेषांक (दीपावली, होली, स्वतंत्रता दिवस, रिज़ल्ट विशेष)	25% – 50% अतिरिक्त
निश्चित स्थान (Guaranteed Position)	15% अतिरिक्त
रंगीन विज्ञापन	25% अतिरिक्त (ब्लैक एंड व्हाइट पर आधार दर)
एजेंसी कमीशन (मान्यता प्राप्त एजेंसी हेतु)	15% कमीशन

6. नियम एवं शर्तें Terms & Conditions

- **भुगतान :** 50% अग्रिम, शेष बिल के 15 दिन के भीतर। 4 अंक या उससे अधिक के अनुबंध में पूरा भुगतान अग्रिम।
- **सामग्री की अंतिम तिथि :** विज्ञापन की डिज़ाइन/सामग्री प्रकाशन से 2 दिन पहले शाम 5 बजे तक देना अनिवार्य।
- **प्रूफ :** प्रूफ स्वीकृत होने के बाद नाम, नंबर या पते की गलती की ज़िम्मेदारी विज्ञापनदाता की होगी।
- **सत्यता :** विज्ञापन की सामग्री एवं दावों की पूरी ज़िम्मेदारी विज्ञापनदाता की होगी। भ्रामक या आपत्तिजनक विज्ञापन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
- **अधिकार :** किसी भी विज्ञापन को अस्वीकार करने, बदलने या रोकने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है।
- **रद्द करना :** प्रकाशन से 48 घंटे पहले सूचना देने पर ही रद्द हो सकेगा। छपे विज्ञापन की राशि वापस नहीं होगी।
- **अखबार की त्रुटि :** हमारी ओर से गलती होने पर अगले अंक में निःशुल्क सुधार कर प्रकाशित किया जाएगा।
- **कानूनी नोटिस :** टेंडर, नाम परिवर्तन व गुमशुदगी हेतु पहचान पत्र/आदेश की प्रति आवश्यक।
- **सावधानी :** भुगतान केवल अधिकृत बैंक खाते/UPI पर करें और रसीद अवश्य लें। अनजान व्यक्ति को भुगतान से पहले कार्यालय में पुष्टि कर लें।
- **न्याय क्षेत्र:** किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र [मेरठ / बागपत] रहेगा।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: सुभाष चंद | मोबाइल / WhatsApp: 98377 49557
कार्यालय: निर्भय एन्क्लेव, खेकड़ा | वेबसाइट: kesharidarpan.com
संपादक ईमेल: subhashchand4@gmail.com | ईमेल: kesharidarpan@gmail.com

केशरी दर्पण (साप्ताहिक) | RNI नं.: UPHIN/2010/36806 | यह दर कार्ड 1 जनवरी 2026 से लागू है।
प्रबंधन बिना पूर्व सूचना दरों में परिवर्तन कर सकता है। बड़े अनुबंध (₹ 1 लाख से ऊपर) हेतु लिखित अनुबंध आवश्यक।

सम्पादकीय.....

विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सूची में दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6

विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से नाम कट जाने पर अब दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरने में कानूनी कार्रवाई का डर नहीं रहेगा। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट किया है कि पहले मतदाता रह चुके लोग भी फार्म-6 भरकर अपना नाम दोबारा सूची में शामिल करा सकते हैं। केवल इस आधार पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी कि वे पहले मतदाता के रूप में पंजीकृत थे। आयोग ने छूटे हुए मतदाताओं के लिए एन्यूमरेशन फार्म जमा करने के ऑनलाइन और ऑफलाइन विकल्प भी दिए हैं।

फार्म-6 पहली बार मतदाता बनने वालों के लिए निर्धारित है। इसमें आवेदक को घोषणा करनी होती है कि वह पहले किसी मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं रहा है। गलत घोषणा करने पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कार्रवाई का प्रविधान है।

इसी कारण एसआइआर के दौरान जिन लोगों के नाम कट गए थे, वे फार्म-6 भरने से हिचक रहे थे। आयोग ने हलफनामे में कहा है कि केवल फार्म-6 भरने के आधार पर किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, आवेदक किसी दूसरे संसदीय या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पहले से पंजीकृत नहीं होना चाहिए और उसकी घोषणा कानून के अनुरूप होनी चाहिए।

आयोग ने कहा है कि उसने सुप्रीम कोर्ट के सुझावों पर ध्यान देते हुए एसआईआर के दौरान छूट गए अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाताओं तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए हैं। इसके तहत 6 नवंबर, 2026 को जारी निर्देश में एसआइआर वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को छूटे मतदाताओं के एन्यूमरेशन फार्म जमा कराने की व्यवस्था करने को कहा गया है।

आयोग के मुताबिक, जिन मतदाताओं का पता नहीं बदला है, वे भी हस्ताक्षरित एन्यूमरेशन फार्म जमा कर सकते हैं। इसके साथ उन्हें अनुबंध-बी में यह बताना होगा कि वे पहले निर्धारित समय में फार्म क्यों नहीं जमा कर पाए थे। फार्म खुद या परिवार के किसी सदस्य के माध्यम से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा किया जा सकेगा। ईसीआइनेट पर ई-साइन के जरिए आनलाइन जमा करने का विकल्प भी मिलेगा।

विधान सभा चुनाव की दहलीज पर खड़ी प्रदेश सरकार

प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ। विधानसभा चुनाव 2027 की दहलीज पर खड़ी प्रदेश सरकार लगभग 15 दिसंबर के आस-पास विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में चालू वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करने की तैयारी में है। इसका आकार 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। वित्त विभाग बजट के लिए विभिन्न विभागों से प्रस्ताव लेने जा रहा है। बजट में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की नई योजना शामिल हो सकती है। किसानों के लिए भी राहत पैकेज लाने की तैयारी है। प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए अतिरिक्त धनराशि का प्रविधान भी इसमें दिखेगा।

अनुपूरक बजट को तैयार करने में वित्त विभाग जुट गया है। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष पैकेज लाने की बात कही थी। महिलाओं से इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहने और यह तय करने को कहा था कि वे कौन-सा काम शुरू करना चाहती हैं।

माना जा रहा है कि सरकार स्वरोजगार के लिए महिलाओं को एकमुश्त धनराशि देने पर विचार कर सकती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए राहत पैकेज लाने के संकेत भी दिए थे। प्रदेश में जारी विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अनुपूरक बजट में अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया जा सकता है।

अनुपूरक बजट पेश होने के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 का कुल बजट आकार 10 लाख करोड़ रुपये पार कर जाएगा। इस वित्तीय वर्ष का मूल बजट 9.12 लाख करोड़ रुपये है। इसके बाद सरकार 59 हजार करोड़ रुपये का पहला अनुपूरक बजट पेश कर चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले भी योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के शीतकालीन सत्र में 8479.53 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया था।

26 नवंबर के दिन को प्रस्तावित चलो दिल्ली कार्यक्रम फिलहाल टला

सुशील/एजेंसी, नई दिल्ली। कांग्रेस ने 26 नवंबर के दिन को प्रस्तावित चलो दिल्ली कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया है। एजेंसी के अनुसार पार्टी 26 नवंबर को सभी राज्यों की राजधानियों में संविधान रक्षा मार्च आयोजित करेगी। यह कदम तब उठाया गया है, जब गठबंधन ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली की थी। इस रैली का मकसद मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का विरोध करना था।

यह मार्च मिंटो रोड-कनॉट प्लेस जंक्शन से शुरू होकर रामलीला मैदान की ओर बढ़ा था। यह स्क्रूक प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ विपक्ष के देशव्यापी अभियान का हिस्सा था। इससे पहले, 31 अक्टूबर को राजधानी में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था।

इस रैली में विपक्ष के कई बड़े नेता शामिल हुए, जिनमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता ममता बनर्जी, सांसद अभिषेक बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, तेजस्वी यादव, अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, डी. राजा, महबूबा मुफ्ती और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव शामिल थे।

सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन देश की आवाज है।

केशरी दर्पण समाचार पत्र के ऑनलाइन पत्रकार बने।
www.kesharidarpan.com
पर रजिस्टर/लॉगिन करे।
KD www.kesharidarpan.com
सम्पादक सुभाष चंद
9837749557

कोशिश करो ★ तैयार रहो ★ सेवा करो

श्रीराम बाजपेयी स्काउट-गाइड एसोसिएशन
पंजीकरण संख्या: S/703/2014-दिल्ली · दिनांक 23 जनवरी 2014 · संपूर्ण भारतवर्ष
वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्काउट्स-गाइड्स, जर्मनी से भी संबद्ध



संपूर्ण भारतवर्ष में संपर्क करें: स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कैंप | स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ | सिलाई सेंटर
☆ स्काउट-गाइड संस्थाओं, NCC व NSS से जुड़े भाई-बहनों को जुड़ने में प्राथमिकता

प्रधान कार्यालय: निर्भय एनक्लेव, खेकड़ा (बागपत) उ.प्र. – 250101
ईमेल: subhashchand4@gmail.com
सुभाष चंद कश्यप, राष्ट्रीय महासचिव
98377 49557
79069 84078

नोटः पत्र में छपे लेख, लेखकों के निजी विचार है, सम्पादक का इनसे सहमत होना अनिवार्य नहीं है। आप स्वयं जांच करें। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र बागपत होगा।

RNI. No. UPHIN/2010/36806, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक सुभाष चन्द ने इण्डियन प्रेस, राजेन्द्र नगर, मेरठ से छपवाकर कार्यालय ग्राम वाजिदपुर, पोस्ट तहसील बडौत, जिला बागपत से प्रकाशित किया। सम्पादकः सुभाष चन्द, मो. 9837749557, प्रबन्धक सम्पादकः राजवीर सिंह , (किसी भी विवाद के लिए बागपत न्यायालय मान्य)